No. of Printed Pages : 8

**OLP-001**

00406

# CERTIFICATE IN POULTRY FARMING (CPF)

## Term-End Examination

## June, 2012

## OLP-001 : INTRODUCTION TO POULTRY FARMING

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*

---

***Note :*** *Attempt **any five** questions.*
*All questions carry **equal** marks.*

---

1. Define / Explain *any five* of the following : **5x2=10**
   (a) Beak trimming / Debeaking
   (b) Layer
   (c) Deep litter
   (d) Dressing Percentage
   (e) Fumigation
   (f) Incubation
   (g) Scavenging
   (h) Moulting

2. Write short notes on *any two* of the following : **2x5=10**
   (a) Turkey Farming
   (b) Poultry Cooperatives
   (c) Poultry cum Fish Farming System

3. Draw an outline of Turkey and identify important body parts. **10**

4. (a) Classify chicken based on utility or use. Give one example for each group.

   (b) Describe in detail the white leghorn breed of chicken. **2x5=10**

5. (a) What do you mean by Feed conversion Ratio (FCR) write the formula for calculating. FCR for layers and broilers. **4x2.5=10**

   (b) What are the advantages and disadvantages of artificial insemination ?

   (c) Write briefly about duck farming .

   (d) What are the factors affecting egg production ?

6. What do you mean by culling ? How culling improves the production ? Write in detail about sight culling. **10**

7. Write short notes on : **4x2.5=10**

   (a) Reproductive system of poultry

   (b) Judging of poultry

   (c) Differentiate between broiler and layer farming

   (d) Backyard poultry farming

8. Read the following case and answer the questions given of the end: **10**

**Livelihood security through backyard poultry**

Mr. Nagaraj from k. Salundi village of Mysore block is 40 year old farmer with middle school education is living with wife and a son. He practices agriculture with 0.5 acre land and started backyard poultry farming about 2 years back . He started backyard poultry farming with Giriraja birds purchased from Bangalore veterinary college. Having two years experience, today he is maintaining 80 young birds aged 21-24 days and 20 adult birds for egg production. He regularly vaccinates his birds and consult a private local veterinary assistant for minor treatment. He said "I sell on an average 70 young birds (24 days old) every month at the rate of Rs. 14 / bird. He is earning Rs. 900/-per month by selling chicks to middleman and Rs. 400/- by selling eggs. He said " 12 adult birds and 200 eggs were used for home consumption". Mr. Nagaraja said " I plan to start Giriraja back yard poultry farm on large scale, but getting back loan, training on poultry farming are major constraints ". He said that 70 percent of his house hold expenditure is fulfilled by income from back yard poultry farming and income from cattle and buffalo farming has been saved in bank.

He proudly said after seeing his success , few other farmers also started backyard poultry as a source of subsidiary income for livelihood security.

**Questions** :

(a) Do you think that Mr. Nagaraja and his family benefited with backyard poultry farming ? Support your answer.

(b) What are the nutritional and livelihood security issues involved in backyard poultry farming to Mr. Nagaraja family ?

(c) What are the implications of this case to rural development through backyard poultry farming ?

(d) What are the economic benefits of backyard poultry to Mr. Nagaraja ?

ओ.एल.पी.-001

# कुक्कुट पालन में प्रमाण पत्र ( सी.पी.एफ. )

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2012

## ओ.एल.पी.-001 : कुक्कुट पालन का परिचय

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

**नोट :** ***किन्हीं पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

***सभी*** *प्रश्नों के* ***अंक समान*** *हैं।*

1. ***किन्हीं पाँच*** को परिभाषित / स्पष्ट कीजिए : **5x2=10**
   - (a) चोंच की तुड़ाई ( ट्रिमिंग)
   - (b) लेयर
   - (c) डीप लिट्टर
   - (d) ड्रेसिंग प्रतिशत
   - (e) धूमन
   - (f) ऊष्मायन
   - (g) मैला ढोना
   - (h) मोल्टिंग

2. ***किन्हीं दो*** पर संक्षेप में नोट लिखिए : **2x5=10**
   - (a) टर्की पालन
   - (b) पोल्ट्री सहकारी समितियाँ
   - (c) पोल्ट्री एवं मछली पालन पद्धति

3. टर्की की रूपरेखा खींचिए और इसके महत्वपूर्ण देह-भागों की पहचान कीजिए। 10

4. (a) चिकन को उपयोगिता या उपयोग के आधार पर वर्गीकृत कीजिए। प्रत्येक समूह से 1-1 उदाहरण दीजिए। 2x5=10

   (b) चिकन की व्हाइट लेगहार्न नस्ल को सविस्तार स्पष्ट कीजिए।

5. (a) फीड परिवर्तन अनुपात (एफ.सी.आर.) से आप क्या समझते हैं? लेयरों एवं ब्रायलरों के लिए एफ.सी.आर. परिकलित करने का सूत्र लिखिए। 4x2.5=10

   (b) कृत्रिम वीर्यसेचन (गर्भाधान) के लाभ एवं हानियों को लिखिए।

   (c) बत्तख पालन के बारे में संक्षेप में लिखिए।

   (d) अंडा निर्माण को प्रभावित करने वाले कारक कौन से हैं?

6. पक्षियों की छँटाई (कल्लिंग) से आप क्या समझते हैं? कल्लिंग से उत्पादन बेहतर कैसे बनता है? साइट कल्लिंग के बारे में सविस्तार लिखिए। 10

7. संक्षेप में नोट लिखिए : 4x2.5=10

   (a) पोल्ट्री - जनन तंत्र

   (b) पोल्ट्री - आकलन

   (c) ब्रॉयलर एवं लेयर पालन के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

   (d) बैकयार्ड पोल्ट्री पालन

8. निम्नलिखित मामले को पढ़िए और अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10

**बैकयार्ड पोल्ट्री के माध्यम से आजीविका सुरक्षा**

श्री नागराज, मैसूर के के. सलुंदी गाँव का 40 बरस का किसान है। वह आँठवी कक्षा तक पढ़ा है। गाँव में वह अपनी पत्नी एवं पुत्र के साथ रहता है। वह अपनी आधी एकड़ जमीन पर खेतीबाड़ी का काम करता है। नागराज ने लगभग 2 साल पहले बैकयार्ड मुर्गीपालन का काम शुरु किया। इस धंधे के लिए उसने बैंगलोर के पशुचिकित्सा कॉलेज से गिरीराज पक्षियों की खरीद की। उसे इस काम का दो वर्ष का अनुभव हो गया है। फिलहाल उसके पास 21-24 दिवसों वाले 80 छोटे कुक्कुट और अंडा उत्पादन के लिए 20 वयस्क कुक्कुट हैं। वह नियमित रूप से अपने कुक्कुट को टीके लगवाता है और लघु उपचार के लिए निजी स्थानीय पशुचिकित्सालय की सलाह भी लेता है। नागराज ने बताया कि "वहाँ हर माह ₹ 14/पक्षी की दर पर औसतन 70 छोटे कुक्कुटों (24 दिन वाले) की बिक्री करता है। वह बिचौलिए को चूज़ों की बिक्री कर प्रति माह ₹ 900 और अंडों की बिक्री कर ₹ 400 कमाता है। उसने बताया कि घरेलू उपभोग के लिए उसने 12 वयस्क कुक्कुटों एवं 200 अंडों का प्रयोग किया। नागराज ने बताया कि अब वह गिरिराज बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग को बड़े पैमाने पर शुरू करने जा रहा है लेकिन उसने बताया कि बैंक ऋण और पोल्ट्री पालन पर प्रशिक्षण प्राप्त करना, इस राह के मुख्य अवरोध हैं। नागराज ने बताया कि

परिवार के 70% खर्चे बैकयार्ड पोल्ट्री पालन से पूरे हो जाते हैं और गाय/भैंस पालन से प्राप्त आय को वह बैंक में जमा करता है। उसे यह बताते हुए बेहद गर्व महसूस हुआ कि उसकी सफलता देखने के बाद अन्य कुछ कृषकों ने भी आजीविका सुरक्षा के लिए ठोस आय के स्रोत के रूप में बैंकयार्ड पोल्ट्री-पालन की शुरूआत की है।

**प्रश्न :**

(a) आपकी राय में क्या श्री नागराज एवं उसका परिवार, बैकयार्ड पोल्ट्री पालन से लाभान्वित हुआ ? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

(b) श्री नागराज के परिवार की बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग में सम्मिलित पोषण एवं आजीविका सुरक्षा संबंधी मुद्दें कौन से हैं ?

(c) बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग के माध्यम से ग्राम विकास के संबंध में इस मामले के निहितार्थ क्या हैं ?

(d) श्री नागराज को बैकयार्ड पोल्ट्री से कौन से आर्थिक लाभों की प्राप्ति हुई ? स्पष्ट कीजिए।

---